# प्रेस नोट थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर दिनांक 09.05.2025

## लूट का अपराध कारित करने के आरोप में 02 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से लूट का सामान बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा लूट के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा जितेन्द्र कुमार सिंह मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 392/25 धारा 309(4),61(2) भा0न्या0सं0 से संबंधित अभियुक्त 1. सचिन साहनी के कब्जे से लूट का सामान तथा घटना में प्रयुक्त 01 अदद एयर गन व 2. मुकेश निषाद को गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) भा0न्या0सं0 की बढ़ोत्तरी की गयी। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 07.05.2025 को वादी मुकदमा शादी से फोटोशूट करके वापस जा रहे थें कि रास्ते में अभियुक्तों द्वारा उनका वीडियो कैमरा (सोनी कम्पनी), दो अदद लेंस, एल0ई0डी0, साइड बैग (जिसमे दो मेमोरी कार्ड व एक मोबाइल फोन रखा था) को छीन लेने के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 392/2025 धारा 304(2) भा0न्या0सं0 पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 304(2) बीएनएस को धारा 309(4) बीएनएस में तरमीम किया गया तथा धारा 317(2),61(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता-**

1. सचिन साहनी पुत्र स्वामीनाथ साहनी निवासी हरसेवकपुर नं0 02 नरिया टोला थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर
2. मुकेश निषाद पुत्र रमेश निषाद निवासी हरसेवकपुर नं0 2 नरिया टोला थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर

**गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 392/25 धारा 309(4),317(2),61(2) भा0न्या0सं0 थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर

**बरामदगी-**

1. लूट का 01 अदद काला बैग जिसमें एक अदद कैमरा सोनी कंपनी, 01 अदद लेंस सोनी कंपनी का, 02 अदद एल0ई0डी0 की बैट्री, 01 अदद कैमरा फ्लैश, 02 अदद कैमरे की छोटी बैट्री, 01 अदद ट्रिगर, 01 अदद फ्लैश एल0ई0डी0 लाईट , 01 अदद एल0ई0डी0 चार्जर , 01 अदद कैमरे की स्ट्रिप , 01 साईड, 02 अदद मेमोरी कार्ड, 01 अदद डायरी व 01 अदद पैन कार्ड
2. घटना मे प्रयुक्त 01 अदद एयर गन

**गिरफ्तारी की टीम-**

1. प्र0नि0 जितेन्द्र कुमार सिंह थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर
2. उ0नि0 अभिषेक कुशवाहा थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर
3. हे0कां0 प्रदीप सिंह थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर
4. कां0 राजू कुमार थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर